## एक नजर में

### कलाव्योम फाउंडेशन का पौधारोपण अभियान प्रारंभ



इंदौर. कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और क्षिप्रा नदी तटों के हरितीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया. यह कार्यक्रम क्षिप्रा नदी तट, क्षिप्रा पर महामंडलेश्वर दादू महाराज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर नदी तट पर हरियाली बढ़ाने के संकल्प के साथ प्रथम चरण में 51 पौधे लगाए गए. कलाव्योम के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी. भविष्य के चरणों में और अधिक पौधे रोपकर क्षिप्रा तट को घने वृक्षों से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है. कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चंद्रावत, कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल, बीचोली तहसीलदार बलबीर सिंह राजपूत, गोपाल राठौर, ओमप्रकाश जगावत, विजय चौधरी, हेरम्ब यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की. सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया और इस जनहितकारी पहल की सराहना की.

### विनोद सिंह को दक्षिण डेयर का ओवरऑल खिताब




इंदौर. शहर के प्रतिभाशाली मोटरस्पोर्ट्स ड्राइवर विनोद सिंह पटेल ने अपने को-ड्राइवर शैलेंद्र सिंह (आगरा) के साथ मिलकर प्रतिष्ठित मोटरस्पोर्ट इंक एफएमएससीआई 14वां दक्षिण डेयर क्रॉस-कंट्री रैली का पहला ओवरऑल खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया. ांध्र प्रदेश के अनंतपुर के पास आयोजित 10 किलोमीटर लंबे शॉर्ट सिलेक्टिव सेक्शन के बाद रैली संपन्न हुई और सभी प्रतिभागी समापन समारोह के लिए बेंगलुरु लौटे. राष्ट्रीय स्तर के अश्वक्रीड़ा शो-जंपिंग खिलाड़ी तथा मध्यभारत मोटरस्पोर्ट्स क्लब, इंदौर के संस्थापक सदस्य विनोद के लिए यह खिताब उनके करियर का सबसे बड़ा मील का पत्थर है. 1300 सीसी मारुति जिप्सी में शानदार प्रदर्शन करते हुए विनोद और शैलेंद्र ने कठिन और चुनौतीपूर्ण चरणों में धैर्य, कौशल और निरंतरता का परिचय दिया. विनोद ने विजय के बाद कहा- दक्षिण डेयर 2025 की यह जीत मेरे लिए सब कुछ है. हमने धूल, गर्मी और कठिन रास्तों में पूरे फोकस के साथ संघर्ष किया. यह सफलता मेरे को-ड्राइवर शैलेंद्र सिंह के बिना संभव नहीं थी, जिन्होंने हर मोड़ पर सटीक नेविगेशन किया. साथ ही हमारे ट्यूनर वैभव पारेख (डॉ. पर्क) और कपिल ठाकुर ने हमें ऐसी गाड़ी दी, जो हर चुनौती झेलकर भी बेहतरीन प्रदर्शन करती रही. यह जीत पूरी टीम की है.

### पुष्पदन्त भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया



इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में दस लक्षण पर्व के तहत भादौ शुक्ल अष्टमी को उत्तम शौच धर्म के दिन आर्यिका रत्न विदक्षाश्री एवं आर्यिका रत्न सुवंदनमती माताजी के सानिध्य में पुष्पदन्त भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाया गया. सुबह भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु की पुजन, सोलह करण, दस लक्षण धर्म की पुजन के बाद श्री 1008 पुष्पदन्त भगवान का पूजन कर निर्वाण लाडू चड़ाया गया. आरती में महिला-पुरुष बड़े भक्ति भाव से न्रत्य करते हुए शामील हुए. प्रवीण जैन ने बताया कि आर्यिका विदक्षाश्री माताजी ने अपने मुखारविंद से कहा उत्तम शौच धर्म के अंतर आत्मा की विशुद्धि को नष्ट करने वाली, मन को कलुषित, अपवित्र बनाने वाली वस्तु लोभ कषाय है. लोभी व्यक्ति लोभ में आकर अपनों तक के प्राण हरण करने से नहीं चूकता. इस अवसर पर मुख्य रूप से सुभद्रा गोधा, चंदा बड़जात्या, निलम बड़जात्या, अंतिका-शिवानी गोधा, अरूणा डोसी, पुष्पलता जैन, संगीता जैन, प्रभा जैन, कल्पना जैन, एमके जैन, नवीन-आनंद गोधा, संजय काका, नरेन्द्र गोधा, पदम जैन के साथ सभी समाज जन शामील हुए.

### कॉग्निज़ेंट के सीईओ रवि कुमार टाइम 100 एआई लिस्ट में

इंदौर. कॉग्निज़ेंट ने आज घोषणा की किइसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. को 2025 टाइम 100 एआई लिस्ट में शामिल किया गया है. यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और एंटरप्राइज़ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केक्षेत्र में किए गए योगदान की वैश्विक मान्यता है. टाइम 100 एआई लिस्ट उन प्रभावशाली नेताओं, विचारकों, वैज्ञानिकों औरनीति-निर्माताओं को पहचान देती है, जो आज के एआई परिदृश्य कोआकार दे रहे हैं. इस सूची में शामिल होना न केवल रवि कुमार कीतकनीकी नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है बल्कि कॉग्निज़ेंट की नवाचार औरउत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है. इसके अतिरिक्त, कुमार वैश्विक स्तर पर एआई और टेक्नोलॉजी नीतियोंके निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. वे यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, नैसकॉम यूएस सीईओ फोरम, और अन्यप्रतिष्ठित संस्थाओं के बोर्ड एवं समितियों में अपनी दृष्टि और नेतृत्व कायोगदान दे रहे हैं.

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जीएसटी भुगतान सुविधा शुरू की

इंदौर. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए जीएसटी भुगतान की सुविधा शुरू की है. यह सुविधा ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है. ग्राहक जीएसटी का भुगतान यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं. ग्राहक डीडी/चेक/कैश के माध्यम से देशभर की शाखाओं के जरिए भी भुगतान कर सकते हैं. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़ आशीष सिंह ने कहा एक यूनिवर्सल बैंक के रूप में हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को समग्र सेवाएँ प्रदान करना है. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक और गैर-ग्राहक दोनों यूपीआई, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के जरिए जीएसटी का भुगतान कर सकते हैं. इससे टैक्स भुगतान अब सहज, आसान और समावेशी हो गया है.

### नेत्रदान जागरूकता बाइक रैली का आयोजन

इंदौर. नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान करने और नेत्रदान के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शंकरा आई बैंक द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया. रैली का उद्देश्य लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करना था. बाइक रैली के आयोजन के बारे में शंकरा आई बैंक के डायरेक्टर डॉ अंकित देवकर ने कहा, हमें गर्व है कि हम इस तरह के आयोजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम कर रहे हैं. यह रैली लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करेगी और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगी. कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया गया. इस राइड फॉर साइट रैली मैं लगभग 100 से अधिक बाइकर्स ने भाग लिया. प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए. शंकरा आई हॉस्पिटल के संरक्षक संतोष मुछाल ने सभी प्रतिभागियों धन्यवाद दिया.

### सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर को लेकर बढ़ाई जागरूकता

इंदौर. जगथी फाउंडेशन की दो प्रमुख पहल- तेजस्विनी और प्रेरणा ने केयर हॉस्पिटल्स के सीएसआर के तहत मिलकर सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर केंद्रित जागरूकता सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए. इस अभियान का उद्देश्य युवतियों को ज़रूरी हेल्थ एजुकेशन और प्रिवेंशन से जुड़ी जानकारी देना था. इसमें अर्ली डिटेक्शन और सस्टेनेबल मेंस्ट्रुअल हेल्थ सॉल्यूशंस के महत्व पर भी ज़ोर दिया गया. कार्यक्रम में केयर हॉस्पिटल्स, इंदौर से गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. अंजलि मसंद शामिल हुईं. मसंद ने अपनी मेडिकल जानकारी के ज़रिए प्रतिभागियों को महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े ज़रूरी मुद्दों पर जागरूक किया. अभियान के दौरान 800 प्रतिभागियों को ईको-फ्रेंडली बैम्बू सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए. ये बायोडिग्रेडेबल और प्लास्टिक-फ्री पैड्स, सामान्य पैड्स का सस्टेनेबल ऑप्शन हैं.

# सराफा चौपाटी विवाद का पटाक्षेप, व्यापारी माने और नगर निगम भी

- स्वरूप और सुरक्षा पर बनेगी 9 सदस्यीय समिति
- कमेटी में तीनों के तीन तीन सदस्य



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आखिरकार पिछले एक महीने से सराफा चौपाटी को लेकर चल रहे विवाद फिलहाल पटाक्षेप हो गया है. सराफा व्यापारी एसोसिएश और चौपाटी को लेकर नगर निगम की जीत हुई है. व्यापारियों और नगर निगम के बीच आज सांझा बातचीत में उक्त मामले को लेकर कमेटी बना कर सराफा की समस्या वर्तमान और स्थाई समाधान करने का निर्णय ले लिया गया। मगर चौपाटी सराफा में ही लगेगी.

आज सराफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी और कमेटी सदस्यों की महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ बंद कमरे में बैठक हुई. बैठक के बाद उक्त विवाद को लेकर 9 सदस्यीय कमेटी बनाकर स्थाई समाधान किया जाएगा, लेकिन चौपाटी सराफा से नहीं हटेगी. बताया जा रहा है कि कमेटी के देर रात 9.30 तक दुकानें खुली रखने पर भी महापौर ने सहमति दी है। रात 9.30 के बाद चौपाटी लगेगी और चौपाटी दुकानों को लेकर भी निर्णय हुआ है कि परंपरागत दुकानों के अलावा नई चाइनीज और अन्य वस्तुओं की दुकानों को हटाया जाएगा.

### परंपरागत दुकानों पर सहमति : सोनी

एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने बैठक के बाद बताया कि हमारी कुछ बिंदुओं पर महापौर ने सहमति दी है और कुछ बातों पर हमने महापौर के प्रति सहमति प्रकट कर दी है। बीच रास्ता निकालने के लिए 9 सदयीय कमेटी बना दी है, जिसमें 3 सदस्य सराफा, 3 सदस्य चौपाटी और 3 नगर निगम के रहेंगे. सोनी ने कहा कि हमने देर रात तक व्यापार और दुकानें चालू रखने की बात की है. वही चौपाटी व्यापारियों को 9.30 के पहले सराफा में प्रवेश नहीं होगा. चौपाटी के परंपरागत दुकानों पर सहमति है और नए ठेले और गुमटी के लिए मनाही है. चौपाटी व्यापारियों के दुकानों की सूची कमेटी तय करेगी. श्राद्ध पक्ष में कमेटी के सदस्य दौरा कर व्यवस्थित व्यापार और चौपाटी संचालन के नियम तय कर आगे की व्यवस्था बनाएंगे.

### संचालन को लेकर नियम बनाएंगे : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सराफा व्यापारी इंदौर की पहचान है. शहर में समन्वय से सभी समस्या का हल निकालने में मदद मिलती है. सराफा व्यापारी एसोसिएशन का चौपाटी नही हटाने पर सहमति और कुछ बिंदुओं पर समझौता करने से पूरे इंदौर की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं. श्राद्ध पक्ष में कमेटी द्वारा नए सिरे से व्यापार और चौपाटी संचालन को लेकर दुकानों और व्यापारियों नियम बनाए जाएंगे. उसी अनुरूप दोनों संगठन व्यापार करेंगे. चौपाटी को श्राद्ध पक्ष के बाद पारंपरिक दुकानों के साथ एक सुरक्षित, सुंदर और अनुशासित स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा. इंदौर की पहचान कायम रखने में व्यापारियों प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं.

### गांधी हॉल में लगा देंचौपाटी, पार्किंग और अन्य सुविधा भी : चौकसे

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि आज सराफा व्यापारी एसोसिएशन और महापौर के बीच चर्चा हुई है. सराफा में गैस सिलेंडर को लेकर बड़ा खतरा बना रहता है. ऐसे में मेरी मांग और सुझाव है कि चौपाटी को गांधी हॉल में स्थानांतरित कर देना चाहिए. गांधी हॉल में पार्किंग भी है और सोना चांदी व्यापारी का व्यापार भी प्रभावित नहीं होगा. गांधी हॉल भी शहर के मध्य में ही स्थित है. बड़ी समस्या पार्किंग का निदान भी संभव हो जाएगा. चौपाटी रात 8 से सुबह 3 बजे तक चले तो भी कोई दिक्कत नहीं होगी.

## वोट चोरी को लेकर कांग्रेस की 4 को रैली

**प्रभारी और अध्यक्ष शामिल होंगे**

**दोनों अध्यक्ष पदभार ग्रहण करेंगे**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कांग्रेस का 4 सितंबर को शहर में वोट चोरी को लेकर संभावित रैली और प्रदर्शन होगा. इसके पहले नव नियुक्त शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदभार ग्रहण करेंगे. प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने का अनुमान है.**

4 सितंबर को शहर में कांग्रेस का बड़ा आयोजन संभावित है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे और नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत इंदौर में एआईसीसी के निर्देश पर प्रदर्शन किया जाएगा. प्रदर्शन को लेकर हरसिद्धि मंदिर से कलेक्टर कार्यालय तक रैली के निकाली जाएगी और उसके बाद प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा. प्रदेश प्रवक्ता चौकसे ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, इंदौर शहर प्रभारी रवि जोशी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश के इंदौर प्रभारी गजेंद्र सिंह सिसौदिया और अविनाश भार्गव सहित कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है.

### पदभार ग्रहण करवाएंगे

राजेश चौकसे ने बताया कि रैली शुरू करने के पहले प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और अध्यक्ष जीतू पटवारी दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को दोपहर 12 बजे पदभार ग्रहण करवाएंगे. इसके बाद 1.30 बजे हरसिद्धि मंदिर से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे.

## महिला मोर्चा का अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन

- राहुल गांधी और जीतू पटवारी से माफी मांगने की मांग





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भाजपा महिला मोर्चा ने आज मच्छी बाजार चौराहे पर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के बाहर प्रदर्शन किया. इस दौरान राहुल गांधी और जीतू पटवारी से माफी मांगे और उनके पुतलों को मच्छी बाजार से कांग्रेस कार्यालय के बाहर तक घसीटा गया और जमकर नारेबाजी की गई.**

भाजपा महिला मोर्चा ने आज दोपहर प्रधानमंत्री की मां को लेकर अभद्र टिप्पणी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पिछले दिनों महिलाओं के ज्यादा शराब पीने वाले बयान को लेकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने राहुल गांधी और जीतू पटवारी मुर्दा बाद के नारे भी लगाए. प्रदर्शन में महिलाओं के सम्मान में महिला मोर्चा मैदान में के नारे भी खूब लगाए गए. महिलाओं ने नारे बाजी करते हुए राहुल गांधी और जीतू पटवारी से माफी मांगने की मांग है. प्रदर्शन के दौरान सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव , विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान, बबलू शर्मा, जगमोहन वर्मा , सुमित मिश्रा, मनीष चौकसे, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा की अंजू मखीजा, कंचन गिदवानी, सविता अखंड, पार्षद वर्षा मालू, पाखुडी पेंढारकर, सविता मंगवानी, ज्योति पंडित, वृंदा गौड़, मुद्रा शास्त्री, अनिता व्यास, माधुरी जायसवाल सहित कई महिलाएं मौजूद थी.

### पुतलों को घसीटकर लाए

वरिष्ठ नेताओं का भाषण हो जाने के बाद दो अलग-अलग पुतलों को मच्छी बाजार चौराहे से घसीटकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर तक लाया गया और पुतले को छिन्न भिन्न कर दिया. इस दौरान कुछ महिलाओं ने अपनी चप्पल भी फेंकी.




## मां-बहन के रूप में मन के भावों को कविता में पिरोना एक साधना : सुमित्रा महाजन

### कवयित्री अंजना पसारी के काव्य संग्रह पूर्वांश का विमोचन

**इंदौर. घर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने मन के गहन विचारों को काव्य रूप में प्रस्तुत करना अभिनंदनीय है. आपकी कविताएं सुसंस्कृत नारी के विविध भावों का सच्चा प्रतिबिंब है.**

यह बात पूर्व लोक सभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने अंजना पसारी द्वारा लिखित कविताओं की पुस्तक पूर्वांश का विमोचन करते हुए कही. इंदौर के निजी होटल में आयोजित गरिमामयी समारोह में ताई ने कहा कि आज मैं उस मां और बहन का हौंसला बढ़ाने यहां उपस्थित हुई हूं, जिसने व्यापार - उद्योग से जुड़े परिवार में रहकर भी अपनी संवेदनाओं को कविता का स्वरूप दिया है. विशेष अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि कवि सच के साथ समझौता नहीं करता. मां सरस्वती की उपासना लक्ष्मी जी के साथ हुई है यह मणिकांचन सुयोग है. आपने कवयित्री अंजना पसारी को शुभकामनाएं दी.

इस अवसर पर अंजना पसारी ने अपने सर्जन संसार की गाथा को सबके सामने प्रस्तुत किया. प्रारम्भ में पुरुषोत्तम पसारी ने सभी आगुंतकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज इस प्रसंग पर पसारी परिवार अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है. संचालन डॉ मंगल मिश्र ने किया एवं आभार विष्णु पसारी ने माना.

## झांकी निर्माण में मिल मजदूरों को आर्थिक सहायता

### कांग्रेस ने की 25-25 हजार रुपये की मदद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर में अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झाकियों का सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व बनाए रखने के लिए आज भी मिल मजदूर झाकी निर्माण कर रहे है. नगर निगम और आईडीए के बाद मिल मजदूरों को कांग्रेस नेताओं ने भी आर्थिक मदद की है. पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के द्वारा झांकी निर्माण के लिए सहायता राशि सौंपी गई.**

कपड़ा मिलें बंद होने के बाद भी मिल मजदूर हर साल शहर की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को जिंदा रखकर झाकियों निर्माण करते हैं. झांकी निर्माण में आर्थिक समस्या मुख कारण बनती है.

यूएफको हल करने के लिए मिल मजदूर संघर्ष कर रहे है. मिल मजदूरों ने बताया कि निर्माण लागत में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है. आर्थिक संकट निर्माण में बाधक बनता है.

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे ने कहा कि मजूदूरों की समस्याओं में आर्थिक संकट को दूर करने हेतु आज कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के पुत्र पवन वर्मा ने चार मिलों के झांकी निर्माण में 25 - 25 हजार रुपए आर्थिक मदद की. कल्याण मिल के हरनामसिंह धारीवाल, मालवा मिल के कैलाश कुशवाह, हुकुमचंद मिल नरेंद्र श्रीवंश और स्वदेशी मिल के कहनैयालाल मरमट को नकद राशि दी गई. इस मौके पर गिरधर नागर, अमित चौरसिया, गुड्डू ठाकुर, अफसर पटेल, मनोज कुशवाह, संतोष वर्मा, श्याम भुरहा और कई मिल मजदूर मौजूद थे.






## अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विरोधी दिवस पर संगोष्ठी और मानव श्रृंखला का आयोजन

इंदौर. अ.भा. शांति एवं एकता संगठन (एप्सो) की ओर से गांधी हाल प्रांगण में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विरोधी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया. इस मौके पर युवाओं, महिलाओं, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने शामिल होकर युद्ध के विरोध का खुला संदेश दिया. मानव श्रृंखला में प्रतिभागियों ने हाथो3 में हाथ डालकर एकता, भाईचारे और विश्व शांति का संदेश भी दिया.

इस अवसर पर इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरूप मंत्री, विजय दलाल, अरविंद पोरवाल, पीयूष लाकरा, योगेन्द्र महावर, राहुल निहोरे, रुद्रपाल यादव, कैलाश लिम्बोदिया, अशोक दुबे, चुन्नीलाल वाधवानी, रमेश झाला, पिंकल हार्डिया, विवेक मेहता, शारदा बहन, मृदुला शर्मा, अमन यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कहा कि युद्ध केवल सैनिक मोर्चों तक सीमित नहीं रहता, उसका गहरा आर्थिक और सामाजिक प्रभाव समाज के प्रत्येक वर्ग पर होता है.स्थायी विश्व शांति के बिना मानवीय सभ्यता की प्रगति संभव नहीं है. सभी ने संकल्प लिया कि शांति और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए हम अपनी सक्रिय भागीदारी और यह अभियान निरंतर जारी रखेंगे.

**कार्यक्रम** | अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन एवं संस्था 'छवि' के संयुक्त तत्वावधान में जाल सभागृह में संपन्न हुआ आयोजन

## युगलों ने सीखे गर्भस्थ शिशु को श्रेष्ठ संस्कार देने की तरीके



**इंदौर. गर्भ में पल रहे शिशु का लालन-पालन, उसकी शिक्षा और उसके प्रशिक्षण की विधियों को अपनाया जाए तो वेदों और उपनिषदों में अभिमन्यु की तरह गर्भ में ही चक्रव्यूह भेदने का जैसा उल्लेख किया गया है, वैसा ही विज्ञान के इस अत्याधुनिक युग में भी संभव है. साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में आयोजित एक अनूठे कार्यक्रम में सैकड़ों युगलों ने गर्भस्थ शिशु पर मां की दिनचर्या, आहार एवं अन्य गतिविधियों के प्रभाव को देखा, सुना और समझा भी.**

संस्था छवि एवं अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 105 युगलों ने आकर समझा कि गर्भावस्था के दौरान किसी शिशु को किस तरह संस्कारी और भक्ति भाव से प्रेरित बनाया जा सकता है. समाजसेवी एवं अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस कार्यशाला के प्रमुख डॉ. अनिल गर्ग और डॉ. सीमा गर्ग ने इन सभी युगलों को अपनी इस नई तकनीक और विधा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मां के विचार, खान-पान और जीवन शैली का सीधा असर गर्भ में पल रहे शिशु पर भी पड़ता है. वैज्ञानिक शोधों से भी यह सिद्ध हो चुका है कि संगीत, भोजन और मां की आदतें शिशु पर प्रभाव डालती हैं. प्रारंभ में संस्था छवि के प्रमुख गोपाल गोयल एवं फाउंडेशन की ओर से किशोर गोयल तथा संजय बांकड़ा, संजोयक सीए विनय कांसट एवं दिनेश बंसल जूनी इंदौर आदि ने सभी युगलों एवं चिकित्सकों का स्वागत किया. इस अवसर पर दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक पं. योगेन्द्र महंत एवं चंद्रमोहन दुबे, गर्भ संस्कार परामर्श विशेषज्ञ डॉ. राधिका माहेश्वरी, डॉ. रोचक शर्मा, डॉ. रोमशा, श्वेता तिवारी, प्रियंका एवं शैला राव के अलावा योग विशेषज्ञ सुनीता जोशी, श्रीमती ज्योति एवं डॉ. अर्चना शर्मा तथा आहार विशेषज्ञ डॉ. जगदीश जोशी भी उपस्थित थे और उन्होंने भी अपने-अपने विषय का प्रवर्तन किया.

### जिज्ञासाओं का समाधान किया

प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. सुष्मिता मुखर्जी, डॉ. सुनीता हरलालका एवं डॉ. संगीता गुप्ता तथा संगीत विशेषज्ञ कपिल पुरोहित एवं श्रीमती अनु पुरोहित और पं. विजय रावल, गिरीश व्यास एवं धीरेन्द्र कुमार पांडेय ने भी नवयुगलों की विभिन्न जिज्ञासाओं एवं सवालों का समाधान किया। अंत में सुनील खंडेलवाल ने आभार माना. इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से राजेश, मनोज अन्नपूर्णा, नितिन एयरपोर्ट, मनीष अग्रवाल, रितेश राज, विकास अग्रवाल, पुष्पा गरिमा गर्ग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे.